# मां शारदा के साथ बनेगा जगन्नाथ पुरी धाम





मृत्युंजय मां शारदा उत्सव समिति डूंडा सिवनी में दिखेगा आकर्षक मंडप व सजावट

**सिवनी नवभारत। मृत्युंजय मां शारदा उत्सव समिति डूंडा सिवनी में इस बार मैहर वाली मंशापूर्ति मां शारदा की प्रतिमा स्थापित होने के साथ साथ भारत के चार धाम में से एक जगन्नाथ पुरी धाम की झांकी आकर्षण का केंद्र रहने वाली है , इस दुर्गा पूजा पंडाल में भगवान जगन्नाथ, बलराम एवं सुभद्रा माता की प्रतिमा , के साथ साथ मंदिर और रथ यात्रा की झांकी की तैयारी जोरो से है , ज्ञातव्य हो कि पिछले वर्ष इस समिति ने 51 शक्तिपीठों की प्रतिमाएं स्थापित की थी , इसके अलावा जगन्नाथ की रसोई , उल्टी ग्यारस माता, और बेड़ी हनुमान की झांकी और जगन्नाथ पुरी की कथा और रहस्य पर आधारित ए आई फिल्म और प्रदर्शनी इस मंडप में श्रद्धालुओं को देखने मिलेगी।**

समिति के द्वारा अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला में पारंपरिक शैला एवं जस प्रतियोगिता, महिलाओं का ओपन गरबा, मलखंभ एवं अन्य देशी खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न होंगी , समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से मंशा पूर्ण करने वाली मां शारदा के दर्शन करने की अपील की गई है ।

## दुर्गा प्रतिमा के लिए पुलिस ने किया स्थल निरीक्षण



**सिवनी।** आगामी दुर्गा उत्सव को देखते हुए बरघाट नाका पर पारंपरिक महाकाली प्रतिमा जी की स्थापना पर आयोजको के साथ चर्चा की गई। चर्चा के दौरान कहा गया कि दुकानों को व्यवस्थित रूप से लगवाने हेतु निर्देशित किया गया । वहीं पार्किंग हेतु पृथक एवं व्यवस्थित स्थान रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह पुलिस स्टाफ के बैठने एवं अनाउंसमेंट सिस्टम लगाने हेतु बताया गया जिससे आवश्यकता पड़ने पर जनता को अनाउंस किया जा सके। भ्रमण में सीएसपी सिवनी, थाना प्रभारी डूडा सिवनी, थाना प्रभारी यातायात एवं डीएसबी प्रभारी व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## सांप के काटने से काजल की मौत



सिवनी।अरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बटामा में 11 साल की बालिका की मौत सर्प दंश से हो गई है। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में शनिवार को किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरि सिंह तिरगाम की 11 वर्षीय बेटी काजल रात में घर में सोई थी। तभी विषैले सर्प ने दश लिया। परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद समूचे क्षेत्र में गमगीन माहौल बना हुआ है।

### ग्राम खैरी में लगा शिविर

सिवनी। कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत , चलाए जा रहे कार्यक्रम में ।जिला सिवनी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत महिला हितग्राही को भारत सरकार की अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए जिले की समस्त परियोजनाओ मे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में दिनांक 19/09/2025 को ग्राम पंचायत खेरी जिला सिवनी में हितग्राही महिलाओं को सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना के द्वारा वन स्टाफ सेंटर में प्रदान की जाने वाली सेवाएं, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला संबंधित अधिनियम वन स्टाफ सेंटर के द्वारा कराए जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई ।अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई एवं महिलाओं को पंजीकृत किया गया।

## पनारझिर सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों एवं पंचों ने खोला मोर्चा




जनपद पंचायत सीईओ को आवेदन देकर सरपंच / सचिव के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने की मांग

घंसौर नवभारत। जिले के घंसौर जनपद पंचायत के पनारझिर के सरपंच सुखदेव अरमेती एवं सचिव ओझाई लाल उईके के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों की अगुवाई में पंचायत के लगभग आठ पंचों ने शिकायत करते हुए मुख्यकार्यपालन अधिकारी शीतल ठाकुर को शिकायत पत्र सौंपा। पंचों ने लिखित शिकायत में जांच की मांग करते हुए बताया कि सरपंच सचिव द्वारा लगातार बिना कोई ग्राम सभा के प्रस्ताव पास किया अपनी मर्जी से निर्माण कार्य करते हैं।

इसके साथ ही इनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई ही नहीं देते। जब ग्रामीणों एवं वार्ड पंचों द्वारा आय व्यय की जानकारी मांगी जाती है तो सरपंच सचिव द्वारा गोल मोल जवाब दिया जाता है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्यो की एक लंबी लिस्ट भी मुख्यकार्यपालन अधिकारी शीतल ठाकुर को सौंपी और जांच की मांग की गई। आपको बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में पनारझिर ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार देखा गया है जिसकी जांच की मांग भी समय समय पर उठती रही है परंतु अधिकारियों के ढुलमुल रवैए और सरपंच सचिव के उच्च स्तरीय संबंधों के कारण सरपंच सचिव अपने ऊपर लगने वाले आरोपों से जल्द ही बाहर आ जाते थे परंतु इस बार ग्रामीणों ने बताया कि सीईओ मेडम की ईमानदार छवि और कार्यकुशलता के कारण जांच शुरू होने की उन्हें उम्मीद है। फिलहाल यह देखने वाली बात होगी कि क्या पनारझिर ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों पर लगे आरोपों की जांच होगी या फिर हमेशा की तरह वे फिर संबंधों के कारण बच जाएंगे।


## अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया



**उगली नवभारत।** 18 सितम्बर को गोंड समाज महासभा सर्किल कमेटी व ग्राम कमेटी सरेखाकला उगली, तहसील केवलारी जिला सिवनी ने गोंडवाना साम्राज्य के अंतिम शासक, स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जी का 168 वां बलिदान दिवस पर उन्हें प्रतिमा स्थल सरेखाकला में पुषपांजलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ पारंपारिक ढोल शहनाई वाद्य यंत्रों के साथ गोंड राजघराने सरेखाकला के ईष्ट देवों, ग्राम की पेन शक्ति को गोंगों करते, प्रतिमा स्थल पर पूजन माल्यांर्पण कर बड़ादेव ठाना स्थल पर पहुँच कर प्रकृति शक्ति फड़ापेन की स्तुति की गई। गोंगों पूजन कार्य जगदीश प्रसाद परते प्रदेश उपाध्यक्ष गोंडी भुमका प्रकोष्ठ, ऐन सिंह इड़पाचे गोंडी भुमका सर्किल उगली द्वारा संपन्न कराया गया ।तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि बी एस परतेती प्रदेश अध्यक्ष गोंड समाज महासभा मध्यप्रदेश, ठाकुर जयपाल सिंह उइके कार्यक्रम अध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि ठाकुर वीरेंद्र राज सिंह जिला उपाध्यक्ष गोंड समाज महासभा, केवलारी ब्लॉक संरक्षक एम एस उइके, ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष महेंद्र सिंह परते, राम नरेश आर्मो नगर अध्यक्ष, सूरज सिंह परते नगर कोषाध्यक्ष, बाबूलाल वट्टी प्रदेश उपाध्यक्ष कोयतूर गोंडवाना महासभा, धन सिंह उइके, फते सिंह धुर्वे सेवा निवृत्त फौजी मंडला, श्रीमती गायत्री ठाकुर जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती दिव्या भलावी उप सरपंच, श्रीमती शकुन परते सरपंच ढुटेरा, श्री राम लाल उइके जनपद सदस्य, दुर्गेश नागेश्वर जनपद सदस्य, एच एल पलांगर सेवा निवृत्त प्राचार्य, सुन्ने लाल धुर्वे संरक्षक सर्किल कमेटी, सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गण व सर्किल, सेक्टर, ग्राम कमेटी के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थित रही।




### सेवा पखवाड़ा तहत प्रबुद्धजन संगोष्ठी आयोजित

सिवनी नवभारत।विधायक दिनेश राय मुनमुन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। आपने बारापत्थर स्थित भाजपा कार्यालय के सभाकक्ष मे सेवा पखवाड़ा तहत आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम मे शामिल हुए तथा कार्यक्रम की मुख्य आतिथ्य महिला मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती लता एलकर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर लगायी गयी प्रदर्शनी को देखा। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम जाम मे आयोजित विशाल ईनामी दंगल मे सहभागिता किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने एम.एम. ग्रैंड अग्रोहा लान सिवनी मे आयोजित ओपन अंताक्षरी प्रतियोगिता मे अतिथि के रूप मे सहभागिता कर प्रतियोगिता आरंभ कराया।

## तनाव जीवन रूपी नाव संसार रूपी समुद्र के मध्य में डुबा देता है



**सिवनी नवभारत।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मन्दिर सिवनी मध्य प्रदेश में महासमाधि धारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सानिध्य में 18 सितंबर को प्रात: काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई, जयपुर से आए प्रदीप पाटनी का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने जीवन में धर्म की क्रियाओं का महत्व बताया। मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि, किआज हर इंसान तनाव का शिकार बना हुआ हैं।

धरती से आसमान तक जहाँ देखो वहां तनाव का साम्राज्य फैला है। तनाव छूत रोग की तरह विश्वव्यापी होता जा रहा है। विषमता का विष तनाव फैलाता है।, समता का अमृत तनाव को मिटाता है। विषमता की अग्नि तनाव को प्रज्वलित करती है।, समता का शीतल नीर उसे शान्त करता हैं। भौतिक वस्तुओं की चकाचौंध तनाव को बढ़ाती है।

आपने कहा कि अध्यात्म का तेज तनाव को मिटाता है। सुख-सुविधाओं के साधन शारीरिक श्रम का अभाव विषय भोगों की लालसा, ईर्ष्या की अग्नि, धन की तृष्णा, शारीरिक खूबसूरती का पागलपन, यश-प्रशंसा मान-सम्मान की आकांक्षा, स्वार्थ परायणता, सत्ता का व्यामोह, भौतिक वस्तुओं का अनियंत्रित विकास इस तनाव को बढ़ाने के लिए आग में घी का काम कर रही है।क्रोध आदि कषाय का ऐसा बम है जो उनसे भी अधिक हानि पहुँचा सकता है। कषाय दुर्भावना की अग्नि पैदा करती है जब दुर्भावना की अग्नि कषाय रूपी बम को पकड़ती है तब वह बिना आग के फट जाता है।दुर्भावना पहले अक्ल को खा जाती हैं।

चेतना शक्ति को अचेतन कर देती हैं। और नींद को उड़ा देती है। दुर्भावना असंतोष अविश्वास और उत्तेजना पैदा करती है. फिर कषाय का बम फोडती है। दुर्भावना से कनाब उत्पन्न होता है।तनाव जीवन रूपी नाव संसार रूपी समुद्र के मध्य में डुबा देता है इससे मुक्ति के साधन स्वाध्याय, स्वात्मचिंतन, संतोष, सद्भावना व्रत नियम और संयम हैं।

## सीलादेही और पीजी कॉलेज में चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी की एनएसएस इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित पखवाड़ा में जन जागरूकता अभियान में नशा मुक्ति अभियान और स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर की वृहद स्तर पर लगातार साफ सफाई कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति संवाद करके स्वस्थ रहने का संदेश दिया जा रहा है।

### स्वच्छता पर्यावरण को स्वच्छ रखती है और आत्मविश्वास बढ़ाती है-डॉ रवि शंकर नाग

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग ने कहा कि महाविद्यालय एवं गोद ग्राम में भी एनएसएस इकाई द्वारा निरंतर स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य ने अपनी बात रखते हुए कहा कि स्वच्छता शारीरिक मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक है यह बीमारियों को दूर करती है आत्मविश्वास बढ़ाती है पर्यावरण को स्वच्छ रखती है और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करती है।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया जा रहा है संदेश

कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो गनेश कुमार मंतारे के मार्गदर्शन में आज एनएसएस इकाई की एक दल द्वारा जन समुदाय को जागृत करने के उद्देश्य से जगह-जगह जाकर नुक्कड़ नाटक किया गया और बताया गया कि नशा से दूरी ही स्वस्थ रहने का मूल मंत्र है नशा मानसिक क्षमताओं मनोदशा और समन्वय जैसे तत्वों को प्रभावित करता है।स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान में महाविद्यालय स्टाफ से डॉ सविता मसीह डॉ ज्योत्स्ना नावकर डॉ ज्योति गजभिए डॉ चुन्नीलाल अहिरवार डॉ जैन कुमार पंचेश्वर डॉ लीडिया कुमरे डॉ सौरभ सोनी श्रीमती अफसाना अंजुम श्री उमाशंकर वर्मा श्री विकास हेड़ाउ श्री अभय नायक एवं सीनियर स्वयंसेवक में सोनू धुर्वे जितेंद्र डेहरिया मीनाक्षी देशमुख एवं समस्त विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।



## सामान्य सभा में आजीविका मिशन ने रखा लेखा-जोखा

**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बरघाट अंतर्गत दिन शुक्रवार को वार्षिक सामान्य सभा की वार्षिक सभा संपन्न हुई जिसमें सीएलएफ की वार्षिक प्रगति ओर आगामी वर्ष की कार्य योजना का वाचन किया गया तथा श्रेष्ठ काम करने वाले पदाधिकारी सीआरपी और बैंक सखी को मंचसीन अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा कार्यक्रम में समुह सदस्यों सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की सीएलएफ की वार्षिक कार्य योजना अंतर्गत जूडे हुए समस्त समुह के पात्र अनुसर शासन की योजना से जोड़ने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया तथा शासन की महत्वपूर्ण योजना को समुह से लाभ दिलाना प्रस्तावित किया गया.सीएलएफ वार्षिक सभा में उपस्थित जनपद बरघाट से सीईओ मैडम, पंचायत अधिकारी, विकासखंड प्रबंधक सीएलएफ पदाधिकारी उपस्थित होकर अपने अनुभव व शासन की महत्तवपूर्ण योजना से सीएलएफ को अवगत कराया.

सीएलएफ में 27 संगठन के 387 समुह पंजीकृत हैं जिनमें 5987 परिवार सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं जिनको सीएलएफ द्वारा समय समय पर शासन की योजनाओं की जानकारी व लाभ दिलाने की प्रक्रिया की जाती है। सामान्य सभा की बैठक में जन अभियान की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

जिला उद्योग केंद्र की तरफ से रोजगार पखवाड़ा तथा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जागरुकता शिविर पर चर्चा की गई थी ।जिला कार्यालय से डीपीएम संजय रस्तोगी , जिला प्रबंधक संत कुमार डेहरिया तथा जटार सिंह भलावी उपस्थित होकर विषय सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

**आयोजन** | सद्भाव द्वारा आयोजित सेवन ए साइट फुटबॉल टूर्नामेंट के दोनों फाइनल आज

## रेड एवं 11 स्टार के बीच हुई खिताबी भिड़ंत, आज होगा फायनल मुकाबला



**सिवनी नवभारत।** शहर के सद्भाव ग्रुप द्वारा आयोजित सेवन ए साइट फुटबॉल टूर्नामेंट के ओपन एवं वेटरन के फाइनल मुकाबला पॉलिटेक्निक मैदान में खेले जाएंगे। जो 21 सितंबर को होंगे। आज शानदार दो सेमीफाइनल मैच खेले गए, जिसमें दर्शकों को बड़ा रोमांच देखने को मिला। रेड एवं 11 स्टार ने सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाई।

आज का पहला मैच शहर के दो बड़े और मशहूर क्लब वसीम 11 और रेड स्टार क्लब के बीच खेला गया ।सेमीफाइनल मैच का रोमांचक जैसा होना चाहिए, वैसा आज दर्शकों को देखने मिला रेड स्टार ने तनिष्क द्वारा पहले हाफ में 1 गोल करके बढ़त बना ली। पर दूसरे हाफ में जुबेर के शानदार गोल की बदौलत वसीम 11 ने स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। अतिरिक्त समय के बाद मैच एक निर्णय शूट आउट से हुआ ।रेड स्टार ने 2 के मुकाबले 1 गोल से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।

आज का दूसरा सेमीफाइनल मैच बहुत ही कशमकश भरा रहा ।जो टीम 11 स्टार और जियारत के बीच खेला गया। जिसमें 11 स्टार क्लब ने पहले हाफ में निशांत चौहान के 1 गोल से पहले हाफ में बढ़त बना ली, पर दूसरे हाफ में 11 स्टार के अमन ने एक और गोल दागकर 2 गोल को बढ़त बना ली पर अंतिम समय में जियारत के जर्सी नंबर 19 ने 1 गोल करके बढ़त को 2- 1 कर दिया ।अंतिम समय में निर्णय 11 स्टार के पक्ष में और उन्होंने फाइनल में प्रवेश किया।

आज के दोनों मैच के रेफरी कमलेश डहेरिया,अक्कू चौरसिया रहे , लाइन मैंन मनोज गेडाम ऐनी रहे ।स्कोरर निशांत तिव्हन और टाइम मैनेजमेंट विजय चौहान और ऋषिकांत त्रिवेदी ने सम्हाला ।वही मैच रेफरी की भूमिका में नवल ठाकुर,ओम सराठे,आशीष गोलू सक्सेना,महेश सिसोदिया,नवल ,अक्कू गार्वे रहे ।आज के दोनों मैच के मुख्य अतिथि अभिराज सिंह, करम सिंह बघेल,विनीत जायसवाल एवं टिंकू ठाकरे थे। मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संदेश जैन, अनिल लालू तिवारी, नीरज नाविक,श्याम उईके,राहुल वानखेड़े,दिनेश सनोडीया,आशीष बघेल, अनुपम,अंगारे संजू देशमुख, बाबा भाई और सदभाव के सभी सदस्यों ने सम्हाली। कल 21 सितंबर 2025 दिन रविवार को टूर्नामेंट के दोनों फाइनल मैच खेले जाएंगे। कल के वेटरन फाइनल मैच आजाद 1 सदभाव बी के मध्य खेला जाएगा

### अनिल बने अंपायर समिति के सदस्य

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में कार्यरत और मध्य प्रदेश के जाने-माने क्रिकेट अंपायर अनिल शर्मा को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की प्रतिष्ठित अंपायर समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अनिल शर्मा की इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी।

